पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद एटा में पीतल उत्पादों और प्रगतिशील किसान के फार्म का निरीक्षण किया

———

आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर राज्यपाल ने पोषण कार्यक्रमों की जानकारी ली

———

लखनऊ 01 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद एटा की तहसील जलेसर स्थित सावित्री ट्रेडर्स में पीतल के घंटे और घुंघरू के निर्माण उद्योग का निरीक्षण किया। उन्होंने एटा में काशिमपुर के ग्राम प्रधान व प्रगतिशील किसान श्री कायम सिंह के फार्म का अवलोकन भी किया तथा कृषि क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जनपद में भ्रमण के दौरान राज्यपाल जी ने करहाला काशिमपुर स्थित आगंनबाड़ी केन्द्र जाकर पोषण कार्यक्रमों की जानकारी ली।

आंगनबाड़ी केन्द्र पर राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी रहती है इसलिए वह गर्भवती महिलाओं, बालिकाओं और शिशुओं के उचित पोषण के लिये व्यापक जानकारी देने में समर्थ होती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 01 से 07 सितम्बर तक पोषण सप्ताह तथा 01 से 30 सितम्बर तक पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी अपने केन्द्र से जुड़े गांव में महिलाओं, शिशुओं, गर्भवती और धात्री महिलाओं, बालिकाओं के उचित पोषण की जानकारी देकर कुपोषण को कम करने के लिए जागरूकता का प्रसार करती हैं।

भ्रमण के दौरान राज्यपाल जी ने जलेसर तहसील स्थित सभागार में क्षय रोग से स्वस्थ्य हुए बच्चों तथा उन्हे गोद लेने वालों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, एस.एस.पी. उदय शंकर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, समस्त अधिकारीगण तथा जनपद के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

———

(राजभवन 24/02)

पोषण माह का शुभारम्भ

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम जनपद एटा
माननीय महामहिम राज्यपाल महोदया